# सक्सेस मिरर

सफलता का कैप्सूल

वर्ष : 7
अंक : 75
अप्रैल : 2016

Visit us at : www.pdgroup.in


## इस अंक में...


**6** | सम्भव और असम्भव के बीच अन्तर

**8** | समसामयिक घटना संग्रह

**10** | समसामयिकी संक्षिप्तकियाँ

**19** | आर्थिक घटना संग्रह
- विप्रो ने अमरीकी कम्पनी हेल्थ प्लान सर्विसेज का अधिग्रहण किया
- भारत दुनिया का सबसे बड़ा चावल निर्यातक देश बना
- **वित्त मंत्री ने लोक सभा में वित्त वर्ष 2016-17 का आम बजट पेश किया**
- **केन्द्रीय रेलमंत्री सुरेश प्रभु ने लोक सभा में रेल बजट पेश किया**
- **केन्द्रीय वित्तमंत्री ने संसद में आर्थिक समीक्षा 2015-16 पेश की**

**25** | राष्ट्रीय घटना संग्रह
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय रूर्बन मिशन का शुभारम्भ
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के पहले 'मेक इन इण्डिया सप्ताह' का उद्घाटन किया

**29** | अन्तर्राष्ट्रीय घटना संग्रह



- उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी की ब्रुनेई और थाइलैण्ड की पाँच दिवसीय यात्रा सम्पन्न
- जीका वायरस से लड़ने को 150 मिलियन डॉलर की सहायता राशि जारी
- भारत–अफगानिस्तान के मध्य राजनयिकों के लिए वीजा मुक्त यात्रा हेतु समझौता

**33** | खेल खिलाड़ी



- भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने श्रीलंका से तीन मैचों की वनडे सीरिज जीती
- न्यूजीलैण्ड के क्रिकेटर ब्रेंडन मैकुलम ने टेस्ट में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड बनाया
- भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत ने अंडर–19 क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक का विश्व रिकॉर्ड बनाया

**37** | महत्वपूर्ण तथ्य संग्रह


## लेख


**40** | **आर्थिक लेख**–बढ़ती आर्थिक असमानता

**41** | **बाल सुधार लेख**–बाल अधिकारों के संरक्षण से जुड़े मुद्दे और चुनौतियाँ

**42** | **भौगोलिक लेख**–हिमालय की गोद में अँगड़ाई लेते भूकम्प

**43** | आगामी रेलवे भर्ती बोर्ड (तकनीकी/ गैर तकनीकी) परीक्षा हेतु विशेष सामान्य ज्ञान संग्रह

**85** | प्रथम पुरस्कृत तार्किक प्रतियोगिता

**87** | तार्किक प्रतियोगिता क्रमांक-72 का परिणाम

**88** | विविध तथ्य–बैंकिंग : एक दृष्टि में

**89** | रोजगार अवसर


## हल प्रश्न-पत्र


**47** आगामी रेलवे भर्ती बोर्ड सम्मिलित (गैर-तकनीकी संवर्ग) परीक्षा हेतु विशेष हल प्रश्न

**54** आगामी रेलवे भर्ती बोर्ड सम्मिलित (गैर-तकनीकी संवर्ग) परीक्षा हेतु विशेष हल प्रश्न

**60** मध्य प्रदेश पुलिस आरक्षक (जनरल ड्यूटी) भर्ती परीक्षा, 2013

एस.बी.आई. के सहयोगी बैंक लिपिकीय संवर्ग परीक्षा, 2015

**66** तार्किक योग्यता

**70** General English

**73** संख्यात्मक अभियोग्यता

**77** Marketing and Computer

**79** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ग्रुप 'डी' परीक्षा, 2015



सर्वाधिकार सुरक्षित, प्रकाशक की पूर्व लिखित अनुमति के इस मैगजीन का कोई भी भाग न तो पुनरुत्पादित किया जाएगा और न किसी भी रूप में, जैसे इलेक्ट्रॉनिक, मेकेनीकल, फोटोकॉपीइंग, रिकॉर्डिंग अथवा अन्य प्रकार स्टोर किया जाएगा. हालांकि इस संस्करण में प्रकाशित सूचनाओं के सही होने का हरसम्भव प्रयास किया गया है, फिर भी न तो प्रकाशक व न अन्य कोई कर्मचारी किसी भी त्रुटि अथवा छूट के लिए उत्तरदायी होगा. अस्वीकृत रचनाओं को लेखकों को वापस भेजने के लिए उनके साथ स्वयं का पता लिखा हुआ लिफाफा मय उपयुक्त डाक टिकटों के प्राप्त होगा. रचना के देर से पहुँचने अथवा रास्ते में खो जाने की कोई जिम्मेदारी नहीं ली जाती. पत्रिका में लेखकों द्वारा प्रेषित बयानों, विचारधाराओं तथा प्रकाशित विज्ञापनों की कोई जिम्मेदारी **'सक्सेस मिरर'** की नहीं है.



- **सम्पादक** : महेन्द्र जैन
- **रजिस्टर्ड ऑफिस** : 2/11-ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा–2
- **सम्पादकीय ऑफिस**
  1, स्टेट बैंक कॉलोनी, वन चेतना केन्द्र के सामने
  आगरा–मथुरा बाईपास, आगरा–282 005
  फोन– 4053333, 2531101, 2530966
  फैक्स– (0562) 4053330
  ई-मेल: सम्पादकीय: publisher@pdgroup.in
  कस्टोमर केयर: care@pdgroup.in
- **दिल्ली ऑफिस**
  4845, अंसारी रोड, दरियागंज,
  नई दिल्ली–110 002
  फोन– 011-23251844/66
- **पटना ऑफिस**
  पारस भवन (प्रथम तल),
  खजांची रोड,
  पटना– 800 004
  फोन– 0612-2673340
  मो– 09334137572
- **कोलकाता ऑफिस**
  28, चौधरी लेन, श्याम बाजार
  कोलकाता– 700 004
  फोन– 033-25551510
  मो– 07439359515
- **हैदराबाद ऑफिस**
  1-8-1/B, आर. आर. कॉम्प्लेक्स
  बाग लिंगमपल्ली, हैदराबाद–500 044
  फोन– 040-66753330
  मो– 09391487283
- **हल्द्वानी ऑफिस**
  8-310/1, ए. के. हाउस
  हीरानगर, हल्द्वानी,
  जिला–नैनीताल– 263 139 (उत्तराखण्ड)
  मो– 07060421008
- **लखनऊ ऑफिस**
  B-33, ब्लंट स्क्वायर, कानपुर
  टैक्सी स्टैण्ड लेन, मवइंया,
  लखनऊ– 226 004
  फोन– 0522-4109080
  मो– 09760181118



# सम्भव और असम्भव के बीच अन्तर

—साध्वी वैभवश्री 'आत्मा'

हम यही सुनते हैं कि—

*"Everything is possible in this world.*

*The word impossible itself says that I'm possible."*

***I'm Possible***—*यह वाक्य कहता है कि मैं सम्भव हूँ. हकीकत यह है कि हम सभी सम्भावनाओं के सागर हैं. Ocean of Posibilities है. हमारे भीतर हर तरह की सम्भाव्यता छुपी है. हम जिस तरह की भावना करना शुरू कर देते हैं, हमारे भीतर की वैसी सम्भाव्यता जाग्रत होने लग जाती है. एक राजा के छोटे पुत्र को यदि बचपन में ही चोर अपहरण करके अपने पास रख लें और उसे चोरी करना सिखला दें, तो वह चोरी की भावनाओं से भावित होने के कारण चोर बन जाएगा. वही चोर बना राजकुमार यदि किसी दिन अपनी भावनाओं को साधु के उपदेशों से जोड़ लेगा, तो पुनः बदलकर साधु बन जाएगा. एक राजकुमार के भीतर हर तरह की सम्भाव्यता है, सम्भावित चित्र है, जिसे उकेरा या उभारा जाएगा वही चित्र प्रकट हो जाएगा. न केवल उस राजकुमार की बात है, हम सभी भी ऐसे ही है. हम सब सम्भावनाओं के संसार में जीते हैं. यहाँ हर पल जीवन है व हर पल मृत्यु भी. किसी भी क्षण सम्भावित मौत घटित हो सकती है. कभी भी प्राकृतिक आपदाएं रूप लेकर प्रगट हो सकती हैं और तब चाहे हम राजा हों या प्रजा, बुद्धि कौशल से युक्त (Intellectual) हों या मूर्ख, धनी हों या निर्धन—एक भूकम्प, सुनामी, उल्कापात हमारी जीवन की सम्भावनाओं को क्षणभर में समाप्त कर सकता है. सम्भावनाओं की समाप्ति ही असम्भावना है. 'मृत्यु' असम्भावित है और जीवन सम्भावनाओं का समुद्र. मृत्यु आने पर सारी सम्भावनाएं समाप्त (block) हो जाती हैं. मरा हुआ इंसान अपने जिस्म को दुबारा प्राप्त नहीं कर सकता. एक बार टूटी सांसों की डोर पुनः जुड़ नहीं सकती—यही असम्भावना इतनी बड़ी है कि इसके सामने सारी सम्भावनाएं गौण हो जाती हैं. छोटी पड़ जाती हैं. इसीलिए मृत्यु डराती है. मौत से डरने का सबसे बड़ा कारण यही है कि इसका कोई विकल्प नहीं है. यह एक ऐसी सम्भावित घटना है, जो किसी भी क्षण सारी सम्भावनाओं की समाप्ति कर डालेगी. यही कारण है कि 'मृत्यु' को जानने व उसके पार जाने की इच्छा ने, प्रबल इच्छा ने इंसान के जीवन को सुरक्षित करने के हरसम्भव प्रयास किए. उसके जीवन की सुरक्षा के हरसम्भव प्रयास किए हैं. हर जगह Life saving Therapy अपनाई जा रही है. वाहनों में ऐसी पेटियाँ (Belts) ईजाद की गई हैं जो दुर्घटना के क्षणों में भी हमें बचा लें. हमें ऑक्सीजन पहुँचा दे. जलयान हो या वायुयान, इंसान घर में हो या घर से बाहर—सर्वत्र सुरक्षित रहना चाहता है, किन्तु फिर भी मृत्यु कहीं से भी किसी भी रूप से घटित हो जाती है. यही सम्भावना और असम्भावना का बहुत बड़ा अन्तर है.*

> *"The difference between the impossible and the possible lies in a person's determination.*
>
> **— Tommy LASORDA**